मौसम
पूर्वानुमान: नगर में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 30.1 डिग्री, ▼ 16.1 डिग्री
सूर्योदय: 06:56 सूर्यास्त: 06:17

पंजाब में पाबंदियां लौटीं, पर नहीं बंद होंगे स्कूल

कोरोना जांच की संख्या बढ़ाकर रोजाना 30,000 करने के आदेश

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

पंजाब में कोरोना के मामलों में लगातार वृद्धि के चलते पाबंदियां फिर से लौट आई हैं। राज्य के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने समारोहों में अंदरूनी और बाहरी जमावड़ों पर बंदिशें लगाते हुए एक मार्च से बंद हाल में मेहमानों की संख्या 100 तक और खुले में यह संख्या 200 तक सीमित करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मास्क/सामाजिक दूरी का सख़्ती के साथ पालन करने और जांच की संख्या भी बढ़ाकर प्रति दिन 30,000 तक करने के निर्देश दिए हैं।

मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए उच्च-स्तरीय आभासी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जिला उपायुक्तों को संबंधित जिलों में हॉटस्पॉट इलाकों में जरूरत पड़ने पर रात का कर्फ्यू लगाने के लिए अधिकृत किया है। इसके अलावा माईक्रो कंटेनमेंट रणनीति भी अपनाई जायेगी। उन्होंने पुलिस को मास्क पहनने, सभी रेस्तराओं और मैरिज पैलेसों द्वारा कोविड निरीक्षक तैनात करने के बारे में जारी नोटिफिकेशन का सख़्ती के साथ पालन करवाने के भी निर्देश दिए हैं और इस उद्देश्य के लिए कर और आबकारी विभाग नोडल एजंसी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिनेमा घरों में संख्या कम करने का फैसला एक मार्च के बाद लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी दफ्तरों और रैस्टोरैंटों को सभी मुलाजिमों के लिए कोरोना जांच की ताजा रिपोर्ट प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। जांच बढ़ाने के आदेश देते हुए कैप्टन ने हर पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आए 15 व्यक्तियों की अनिवार्य जांच करवाने के हुक्म दिए हैं और इसकी निगरानी सीपीटीओज द्वारा की जायेगी जबकि स्वास्थ्य विभाग प्रगति का जायजा लेगा।

मुख्यमंत्री ने टीकाकरण की प्रगति का जायजा लेते हुए सूचना, शिक्षा और संचार (आइइसी) मुहिम जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया जिससे सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों और अगली कतार के वर्करों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा सके।

इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के सचिव हुसन लाल ने जानकारी दी कि अमृतसर, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, एसएएस नगर और शहीद भगत सिंह नगर जिलों में हाल ही के दिनों के दौरान कोविड के मामलों में विस्तार दर्ज किया गया है जिससे राज्य में दूसरी संभावी लहर उठने के अंदेशा है।

राज्य सरकार के कोविड के विशेषज्ञों के ग्रुप के प्रमुख डा. के. के. तलवाड़ ने कहा कि पॉजिटिविटी दर में हाल ही दौरान हुए वृद्धि के बारे विस्तार से अध्ययन किया जा रहा है जिससे नौजवानों में बढ़ते मामलों की बात सामने आई है। मौजूदा दर को देखते हुए पॉजिटिविटी दर दो हफ्तों में चार प्रतिशत तक बढ़ सकती है जिसका अर्थ होगा एक दिन में 800 मामले होंगे। उन्होंने इसकी रोकथाम के लिए तत्काल तौर पर कदम उठाए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

मुख्य सचिव विनी महाजन ने सरकारी स्कूलों को फिर बंद किये जाने से इन्कार करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए विभाग की तरफ से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुमार ने इस मौके पर कहा कि अध्यापकों को स्कूलों में नोडल अधिकारी बनाया गया है जिससे विद्यार्थियों को कोविड के मद्देनजर संयमी व्यवहार यकीनी बनाने और मास्क का उपयुक्त इस्तेमाल करने के बारे दिशा -निर्देश दिए जा सकें। यह कदम इसलिए उठाये गए हैं क्योंकि हाल ही के दौरान फिर खोले गए स्कूलों खास कर लुधियाना (3.1 प्रतिशत) और बठिंडा (2.9 प्रतिशत) में बड़ी संख्या में पॉजिटिव दर में विस्तार हुआ था।

डा. तलवाड़ ने कहा कि अभी तक पंजाब में कोरोना वायरस का नया रूप नहीं आया है। पर नए सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और नतीजे अगले हफ्ते आएंगे।

स्कूलों में कोरोना संक्रमण कई गुना बढ़ा

लुधियाना, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

पंजाब के स्कूलों में शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच कोरोना संक्रमण के दिनोंदिन बढ़ते मामलों और संक्रमितों की मौत ने सरकार और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। बीते 13 दिनों में ही इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच संक्रमण की वृद्धि दर 8207 फीसदी जबकि शिक्षकों के बीच यही दर 88.5 फीसदी दर्ज की गई। इन हालात ने अभिभावकों को भी चिंता में डाल दिया है क्योंकि बोर्ड की परीक्षाओं के साथ-साथ मार्च से कक्षाएं शुरू होने वाली हैं जहां अधिकतर स्कूलों ने परीक्षा के लिए ऑफलाइन मोड अपनाने की योजना तैयार कर रखी है।

इस बीच बता दें कि जनसत्ता की ओर से जुटाए गए आंकड़ों में बीती 7 जनवरी को स्कूल खुलने के बाद से 8 फरवरी तक कुल 78 विद्यार्थियों और 31 शिक्षकों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी थी। इनमें लुधियाना के ही एक स्कूल में 40 वर्षीय गणित अध्यापिका की कोरोना संक्रमण से मौत का मामला शामिल है। वह गालिब कलां के सरकारी स्कूल में पढ़ाती थीं और 23 जनवरी को कोरोना संक्रमण की चपेट में आने से उनकी जान चली गई थी।

उसके बाद 8 फरवरी से लेकर 21 फरवरी के बीच तो संक्रमण की रफ्तार बेहद तेज बढ़ती गई। पंजाब में कोविड-19 के लिए नोडल अधिकारी डा. राजेश भास्कर का कहना है, '21 फरवरी तक तमाम स्कूलों में पढ़ने वाले कुल 452 विद्यार्थी और कुल 271 शिक्षक कोरोना संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। यह सब पंजाब में 1392 स्कूलों से हैं और अब तक एक मौत भी संक्रमण से हो चुकी है जो लुधियाना में हुई थी। आगे बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए हमें विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संक्रमण फैलने की दर का विश्लेषण करना होगा वरना शिक्षा विभाग के नियम के मुताबिक उस स्कूल को कम से कम 48 घंटों के लिए तो बंद ही कर दिया जाए, वहां स्कूलों में सेनेटाइजेशन अभियान चलाया जाए और वहां के पूरे स्टाफ व विद्यार्थियों की कोरोना जांच कराई जाए।'

राज्य में कोरोना ने 10 की ली जान, 426 संक्रमित

चंडीगढ़ : पंताब में कोरोना से होने वाली मौतों और नए मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इसी सिलसिले में आज मंगलवार को इस महामारी की चपेट में आने से दस लोगों की मौत हो गई जबकि 426 नए मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। पंजाब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जारी मीडिया बुलेटिन के मुताबिक कोरोना संक्रमित 6 मरीज आइसीयू में दाख़िल हैं। ठीक हुए नए मरीज़ों की संख्या 276 है। इसके अलावा आज आए नए मामलों में लुधियाना से 81, जालंधर से 39, पटियाला से 25, एसएएस नगर से 36, अमृतसर से 48, गुरदासपुर से 10, बठिंडा से 7, होशियारपुर से 25, फिरोज़पुर से 2, पठानकोट से 3, संगरूर से 4, कपूरथला से 10, फरीदकोट से 9, मुक्तसर साहिब से 2, फाज़िल्का से 2, मोगा से 8, रोपड़ से 3, फतेहगढ़ साहिब से 1, तरन तारन से 8 और एसबीएस नगर से 103 शामिल हैं।

पुलिस ने नोटिस लगा किसानों को टिकरी सीमा खाली करने को कहा

लुधियाना, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

दिल्ली पुलिस की ओर से टिकरी बॉर्डर पर चस्पां किया गया नोटिस चर्चा का विषय बना हुआ है। 'कानूनी नोटिस' नामक यह नोटिस दरअसल, दिल्ली पुलिस के मुंडका थाना प्रभारी की ओर से थमाया गया है जिसमें कहा गया है कि वहां किसानों का जमावड़ा गैर-कानूनी घोषित किया गया है। आपको चेतावनी दी जाती है कि आप सब यहां से धरना उठाकर चले जाएं वरना आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ऊपर यह नोटिस हिंदी भाषा में लिख गया है जिसका नीचे पंजाबी में अनुवाद भी प्रकाशित किया गया है।

बता दें कि टिकरी बॉर्डर पर लगाया गया धरना वहां अलग-अलग स्तरों पर भाकियू-उग्राहां और संयुक्त किसान मोर्चा- एसकेएम द्वारा आयोजित है। यह नोटिस दरअसल, कल केंद्रीय मंत्री के उस बयान के चंद घंटों बाद चस्पां कराया गया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भीड़ जुटा लेने का मतलब कानून वापसी कतई नहीं।

भाकियू उग्राहां के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिंगारा सिंह मान ने कहा, 'मैंने यह नोटिस टिकरी बॉर्डर पर कल शाम करीब 5.00 बजे उस जगह लगा देखा जो दिल्ली पुलिस के नाके से एकदम सटा है। यह नोटिस नेशनल हाइवे के खंबे पर लगाया गया है। यह नोटिस अन्य स्थानों पर भी चस्पां किया गया हो सकता है लेकिन मैं कही और नहीं जा पाया। जो भी हो, हमें ऐसे नोटिसों से क्या फर्क पड़ता है, क्योकि किसान अब भी अपनी मांग पर अडिग हैं और हम वहां से टस से मस नहीं होने वाले। वैसे भी हमारा धरना तब तक चलता रहेगा जब तक कृषि कानून निरस्त नहीं हो जाते।'

उनका कहना है कि जगह खाली करने का यह नोटिस असल में तब आया जब केंद्रीय मंत्री ने हमें भीड़ की संज्ञा दी। बड़ी हैरानी की बात है कि इसी भीड़ के साथ स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर 12 बार वार्ता कर चुके हैं और धरना स्थल पर शांति बनाए रखने व उसे गैर-राजनीतिक बताकर हमें धन्यवाद कह चुके हैं। हमारे साथ बैठकों में वही हमें किसान आंदोलन बताते आए और अब हम भीड़ हो गए। ऐसे नोटिस से हम नहीं डरने वाले।

भाकियू दकौंडा के महासचिव एवं एसकेएम के सदस्य जगमोहन सिंह पटियाला का कहना है, 'टिकरी बॉर्डर धरना स्थल पर कुछ पोस्टर चस्पां किए गए हैं जहां धरना स्थल को खाली कर चले जाने की चेतावनी लिखी गई है। अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए हम वहां शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिए बैठे हैं। दिल्ली पुलिस के इस कदम की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और हमारी किसानों से गुहार है कि वह इसी तरह शांति एवं भाईचारे के साथ आगे भी धरना जारी रखें। हम अपने आंदोलन को व्यापक बनाएंगे और ऐसी साजिशों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे।'

शहर में फिर से बढ़ने लगे कोरोना के मरीज, 37 नए संक्रमित

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

शहर में मंगलवार को 37 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। शहर में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर अब 21500 पहुंच गया है। आज सामने आए मरीजों में 21 पुरुष और 16 महिलाएं मरीज शामिल है। वही आज राहत की बात यह रही कि संक्रमण से किसी मरीज की जान नहीं गई। शहर में संक्रमण की चपेट में आकर अब तक 350 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी ओर आज 15 संक्रमित मरीजों को स्वस्थ होने के बाद शहर के विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दी गई है। शहर में अभी तक 20923 संक्रमित मरीज कोरोना को मात देकर घर वापसी कर चुके हैं। विभिन्न अस्पतालों में अभी 227 संक्रमित मरीज उपचारधीन है।

पांच साल से भगोड़ा चल रहा आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

पांच साल से भगोड़ा करार चल रहे एक आरोपी को पीओ सेल ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहाली के गांव मदनपुरा फेज-2 में रहने वाले रविंदर उर्फ रवि के तौर पर हुई। आरोपी को जिला अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

पीओ सेल इंचार्ज जसमिंदर सिंह के सुपरविजन में हेडकांस्टेबल दिनेश कुमार, सीनियर कांस्टेबल जैकी कुमार, कांस्टेबल सोमवीर यादव की स्पेशल टीम ने आरोपी को दबोचा है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबोचा है। आरोपी मूलरूप से हरियाणा के अंबाला स्थित गांव पिंजोला का है। आरोपी रविंदर के खिलाफ 28 मई 2010 को सेक्टर-36 थाना पुलिस ने आइपीसी की धारा 379, 411, 34 के तहत दर्ज किया था। जिसके बद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जमानत मिलने के बाद आरोपी दोबारा कोर्ट में पेश नहीं हुआ। पुलिस की कार्यवाही पर कोर्ट ने आरोपी को 13 दिसंबर 2016 को भगोड़ा घोषित कर दिया था। जिसके बाद से आरोपी की पीओ सेल को तलाश थी।

कार चालक ने बीट बॉक्स में मारी टक्कर टूटी दीवार, मोटरसाइकिल हुई क्षतिग्रस्त, गिरफ्तार

चंडीगढ़: तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी चालक ने सोमवार रात फैदा बीट बॉक्स की बाउंडरी तोड़कर मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त कर दी। हादसे में बीट बॉक्स पर तैनात बाल बाल बच गए। सेकटर 31 थाना पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर चालक गुरदासपुर निवासी करमंदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जमानत पर छोड़ दिया। सेकटर 31 पुलिस स्टेशन में तैनात कॉन्स्टेबल वरिंदर ने बताया कि उसकी ड्यूटी फैदा बीट बॉक्स पर है।

सोमवार रात को तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी आई और उसने बीटबॉक्स की बाउंड्री तोड़कर सीधा अंदर खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी हादसे में वह और उसके अन्य पुलिसकर्मी साथी बाल-बाल बच गए कॉन्स्टेबल वीरेंद्र ने बताया कि क्रेटा गाड़ी चालक बड़ी लापरवाही से गाड़ी चला रहा था जिसके कारण यह हादसा हुआ है सेक्टर 31 थाना पुलिस ने कांस्टेबल वीरेंद्र की शिकायत पर क्रेटा गाड़ी चालक कर्मदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया

अंबाला में फसल पर किसान ने ट्रेक्टर चलाया

अंबाला, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

केंद्र द्वारा पारित तीन कृषि कानूनों के विरोध में भाकियू नेता राकेश टिकैत की ओर से किसानों के खेतों में खड़ी फसल नष्ट करने के आह्वान का असर अब हरियाणा में दिखने लगा है। यहां समीपवर्ती गांव मानकपुर में युवा किसान गुरप्रीत ने करीब छह एकड़ में खड़ी गेहूं पर आज ट्रेक्टर चलाकर उसे नष्ट करने का प्रयास किया लेकिन जानकारी मिलने पर एक किसान नेता के मौके पर पहुंचने से उसकी काफी फसल बर्बाद होने से बच गई।

भाकियू अंबाला के उपधायक्ष गुलाब सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव मानकपुर में किसान गुरप्रीत अपनी करीब छह एकड़ जमीन पर ट्रेक्टर चला रहा है। जब तक वह मौके पर पहुंचते तब तक वह करीब एक एकड़ में अपनी फसल तबाह कर चुका था। बाद में समझाइश-बुझाइश पर उसकी बाकी फसल बच गई। गुलाब सिंह ने सभी किसानों से गुहार लगाई कि वह अपनी फसलें बर्बाद नहीं करें क्योंकि संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐसा कोई दिश-निर्देश जारी नहीं किया। ऐसा कर-के वह अपना और कृषक समाज दोनों का नुकसान कर लेंगे।

इस बीच गुरप्रीत का कहना है कि सरकार कृषि और किसान को नष्ट करना चाहती है। वे कृषि कानूनों का विरोध इसलिए कर रहे हैं कि आने वाली पीढ़ी के लिए जमीन बच जाए। वे आज कष्ट सह लेंगे, लेकिन किसी कीमत पर कृषि कानून लागू नहीं होने देंगे। इसलिए घाटे की खेती करने की बजाय उसे बर्बाद करना बेहतर है।

राव होंगे पुलिस अकादमी के निदेशक

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने मंगलवार को तुरंत प्रभाव से तीन आइपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार डॉ. सीएस राव को हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन का निदेशक नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें, 13 मार्च से चारू बाली की अवकाश अवधि के दौरान एडीजीपी, आइआरबी और एडीजीपी, राज्य अपराध शाखा, गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। गोहाना (सोनीपत) के अतिरिक्त एसपी उदय सिंह मीणा को एसपी, हरियाणा ईआरएसएस (डायल 112 प्रोजेक्ट) नियुक्त किया गया है। एएसपी सोनीपत पूजा वशिष्ठ को एएसपी, गोहाना लगाया किया गया है।

बच्चों में तेजी से फैल रही हैं दांतों की बीमारियां: शर्मा

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

बच्चों में खान पान की बुरी आदतों के चलते दांतों की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। जिनसे बचाव के लिए बच्चों को शुरू से ही दांतों की संभाल के लिए जागरूक करना जरूरी है। यह विचार प्रयोग फांउडेशन द्वारा पंचकूला के सेक्टर-28 स्थित आशियाना फ्लैटस कालोनी में बच्चों को दांतों की संभाल के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किए गए शिविर में क्राउन डेंटल केयर एंड इंप्लांट सेंटर की दंत चिकित्सक डॉ.कविता शर्मा ने व्यक्त किए।

उन्होंने जहां बच्चों को दांतों की संभाल के लिए सही तरीके से ब्रश करने की विधि बताई वहीं उन्होंने बच्चों को जंक फूड, चॉकलेट आदि से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। डाक्टर कविता ने कहा कि बच्चे अगर दांतों की संभाल के प्रति अगर समय पर सजग नहीं हुए तो बड़े होकर गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सतपाल कैटरिंग के प्रबंध निदेशक अजय सैनी ने सैकड़ों बच्चों को ब्रश व पेस्ट बांटते हुए कहा कि प्रयोग फांउडेशन के सहयोग से यहां नियमित रूप से बच्चों को जरूरत के अनुसार वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएंगे।

सैनी ने कहा कि सामाजिक संगठनों को अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए जरूरतमंद लोगों तक पहुंच करनी चाहिए। प्रयोग फांउडेशन के अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि ट्राईसिटी में चलाए जा रहे शिक्षा बैंक कार्यक्रम में और बच्चों को शामिल करके उन्हें मासिक पुस्तक व स्टेशनरी वितरण के साथ जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर समाज सेवी राजीव ठाकुर, विपिन लूथरा, सुमित मल्होत्रा, अजय कुमार के अलावा प्रयोग फांउडेशन के सचिव रिषी पाल आदि मौजूद थे।

डीजीपी के सेवाविस्तार से खफा गृहमंत्री विज

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को सेवाविस्तार दिए जाने से गृहमंत्री अनिल विज नाराज हो गए हैं। विज ने इसे गैर वाजिब करार देते हुए गृहसचिव को पत्र लिखकर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यही नहीं विज ने गृह सचिव को आदेश दिए हैं कि वह नए पुलिस महानिदेशक के लिए लोक सेवा आयोग के पास आइपीएस अधिकारियों के नाम का नया पैनल तुरंत भेजें।

गृहमंत्री विज और पुलिस महानिदेशक के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। विज का मानना है कि डीजीपी यादव उन्हें भरोसे में लिए बगैर ही फैसले लते रहे हैं। सीआइडी विवाद में भी वह गृहमंत्री की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

गृहसचिव को लिखा पत्र, नया पैनल यूपीएससी को भेजने के निर्देश

पुलिस महानिदेशक मनोज यादव 1988 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं और उनका दो साल का कार्यकाल 21 फरवरी को पूरा हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट की हिदायतें हैं कि डीजीपी के पद पर कोई आइपीएस अधिकारी कम से कम दो साल रह सकता है। इससे ज्यादा समय के लिए नियुक्ति का अधिकार हालांकि राज्य सरकार के पास है, जिसे आधार बनाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से गृह सचिव राजीव अरोड़ा ने पिछले दिनों एक आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि मनोज यादव डीजीपी के पद पर नियुक्त रहते हुए अगले आदेश तक काम करते रहेंगे।

गृह मंत्री ने गृह सचिव को लिखे पत्र में 18 फरवरी, 2019 के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि डीजीपी के पद पर मनोज यादव की नियुक्ति दो साल के लिए होगी। तब मनोज यादव ने 21 फरवरी 2019 को कार्यभार ग्रहण किया था। मनोज यादव केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गए हुए थे। उन्होंने हरियाणा लौटने के बाद डीजीपी के पद की कमान संभाली थी। अनिल विज ने अपने पत्र में कहा कि सुप्रीम कोर्ट की हिदायतों के मुताबिक मनोज यादव का डीजीपी के पद पर दो साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसलिए अब उन्हें इसी पद पर आगे विस्तार देने का कोई औचित्य नहीं है। गृह मंत्री अनिल विज ने गृह सचिव को साफ शब्दों में कह दिया है कि इस कार्य में हुई देरी अथवा कानूनी दिक्कतें पैदा होने की स्थिति में सारी जिम्मेदारी उनकी होगी।

अनिल विज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

विज ने कहा कि रक्षामंत्री से उड़ान 3 के तहत अंबाला छावनी में नागरिक उड्डयन एयरपोर्ट के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन की स्ट्रिप पर ही सिविल एविएशन के जहाज उड़ाने की अनुमति मिली थी। इसके लिए एयरफोर्स स्टेशन के साथ नागरिक उड्डयन एयरपोर्ट बनाने के लिए डिफेंस की जमीन की आवश्यकता होगी। इस मामले में उन्होंने रक्षा मंत्रालय द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार के अधिकारियों की टीम बनाकर मौके का मुआयना कराने की अपील की ताकि इसका हल निकाला जा सके। विज ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी नई दिल्ली में मुलाकात हुई।

HIRA AUTOMOBILES LIMITED
Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:0172-2743462 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

Extract of Un-Audited Standalone Financial Results for the quarter and Nine months ended on 31st December, 2020. (Rs. In Lakhs except EPS data)

S. N.	Particulars	Quarter ending 31.12.2020 unaudited	Nine months ending 31.12.2020 unaudited	Quarter ending 31.12.2019 unaudited
1	Total Income from operations	7027.94	13139.30	8036.52
2	Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	60.45	(58.21)	(29.04)
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Extraordinary items and/or Extraordinary items)	60.45	(58.21)	(29.04)
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items and/or Extraordinary items)	60.45	(58.21)	(29.04)
5	Equity Share Capital	275.34	275.34	275.34
6	Reserves(excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of Previous Year)	815.10	815.10	873.31
7	Earnings Per Share before extraordinary items)(of Rs 10/-each)			
	Basic:	2.20	(2.11)	(1.05)
	Diluted:	2.20	(2.11)	(1.05)

Note: The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results for quarter and Nine months ended **31st December, 2020** filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of above Results is available on the websites of Companyat www.hiraautomobiles.com and BSE Limited at wwwbseindia.com.

For Hira Automobiles Ltd.
Rahulinder Singh Sidhu
(Director)
DIN-00447452

Place : Chandigarh
Date : 13.02.2021

हरियाणा सरकार युवाओं को बर्बाद कर रही: रणदीप

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार द्वारा टीजीटी इंग्लिश (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) के 1,035 पदों के लिए चल रही भर्ती प्रक्रिया रद्द करने को प्रदेश के युवाओं और छात्रों के साथ धोखा बताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

सुरजेवाला ने कहा कि टीजीटी इंग्लिश अध्यापकों के लिए अभ्यर्थियों की वर्ष 2015 में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिसके लिए लिखित परिक्षा सात फरवरी 2016 को हुई और 3 सितम्बर 2016 को परिणाम घोषित किया गया। उसके बाद छंटनी और उसके बाद 5 व 6 अक्टूबर, 2020 को साक्षात्कार हुए, लेकिन अब भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे आज रद्द कर दिया गया, जिसने इस भर्ती में पास अभ्यर्थियों के भविष्य को पूरी तरह से अंधकारमय कर दिया गया है।

हरियाणा में नई राजनीतिक पारी शुरू करेंगे अशोक तंवर

कल दिल्ली में करेंगे नए मोर्चे का ऐलान

चंडीगढ़, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

पूर्व सांसद अशोक तंवर हरियाणा में नई राजनीतिक पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटे अशोक तंवर 25 फरवरी को नया मोर्चा बनाने जा रहे हैं और इसे लेकर देशभर में 25 से अधिक शहरों में वेबीनार के जरिये समर्थकों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ेंगे।

मुख्य कार्यक्रम दिल्ली व चंडीगढ़, पंजाब, उतराखंड व उतरप्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। अशोक तंवर से जुड़े समर्थक बताते हैं कि 25 फरवरी को ही वह मोर्चा का नाम घोषित करेंगे। हरियाणा की बात करें तो चंडीगढ़ के अलावा भिवानी, महेंद्रगढ़ सहित अधिकांश बड़े शहरों में अशोक तंवर समर्थक जुड़ेंगे।

दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम करने के पीछे उनकी राष्ट्रीय राजनीति में नए मोर्चा की मौजूदगी का अहसास करवाने की सोच है। हालांकि अभी उन्होंने अपनी रणनीति का खुलासा नहीं किया है पर आने वाले समय में हरियाणा में तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को भी तलाशा जा सकता है। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनावों में अशोक तंवर ने उनके समर्थकों को टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर न केवल कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया था, बल्कि कांग्रेस को ही अलविदा कर दिया था।

अशोक तंवर ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हराने में अहम रोल अदा किया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह नई पार्टी का गठन करेंगे। लेकिन अशोक तंवर अभी तक सार्वजनिक मंचों पर अलग पार्टी बनाने की बात से इंकार करते रहे हैं। अब नया मोर्चा बनाकर वह राष्ट्रीय राजनीति के अनुभव, अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष होते हुए बने संबंधों को नए सिरे से तराशने जा रहे हैं।

अभी मोर्चा बनाया जा रहा है। इसका मकसद राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा है। ऐसा पहली बार होगा, जिसमें बड़े घरानों से जुड़े राजनेताओं की बजाय आम जनता के लोग होंगे। 25 फरवरी को मोर्चा की स्थापना कर दी जाएगी। इसके नाम की घोषणा भी उसी दिन होगी। कोविड-19 को देखते हुए फैसला किया गया है कि ज्यादा भीड़ एक जगह न बुलाई जाए। दिल्ली व चंडीगढ़,उतरप्रदेश, उतराखंड व पंजाब में मुख्य कार्यक्रम होंगे और देशभर के 25 शहरों में जिला स्तर पर समर्थकों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए लाइव स्ट्रीम के जरिये जोड़ा जाएगा।

अशोक तंवर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस।